## शब्दावली

| पारिभाषिक शब्द | अर्थ |
|---|---|
| **आधार संख्या** | आधार भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी 12 अंकों की एक व्यक्तिगत पहचान संख्या है। |
| **सक्रिय उपभोक्ता** | उपभोक्ता जिसका एलपीजी कनेक्शन न तो अवरुद्ध है और न ही समाप्त किया गया है और रिफिल ले सकता है । |
| **एएचएल टिन** | एएचएल टिन (संक्षिप्त घरेलू सूची अस्थायी पहचान संख्या) एसईसीसी-2011 की जनगणना द्वारा बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को जारी की गयी 29 अंकों की एक विशिष्ट संख्या है। |
| **अवरुद्ध कनेक्शन** | एलपीजी कनेक्शन जिसे सत्यापन के लिए रोके रखा गया है और अवरुद्ध अवधि के दौरान रिफिल लेने की अनुमति नहीं है। |
| **मंजूर केवाईसी** | ओएमसी और एनआईसी स्तर पर डी- डुप्लिकेशन प्रक्रिया के माध्यम से उपभोक्ता केवाईसी जानकारी की मंजूरी। |
| **वाणिज्यिक गैर-सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर** | वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रतिष्ठान के लिए बाजार दर पर उपलब्ध एलपीजी सिलेंडर (19 किलोग्राम या 47.5 किलोग्राम) । |
| **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)** | लाभ के एक हिस्से को आम सामाजिक भलाई के उद्देश्य के लिए लाभ कमाने वाली कंपनी द्वारा समर्पित किया जाता है ताकि वे उस समाज को वापस दे सकें जिसके भीतर वे काम करते हैं। |
| **घरेलू उपभोक्ता** | खाना पकाने, हीटिंग जैसे घरेलू उद्देश्यों के लिए एलपीजी का उपयोग करने वाला उपभोक्ता। |
| **घरेलू सब्सिडी वाला एलपीजी सिलेंडर** | घरेलू उपयोग के लिए रियायती दर पर उपलब्ध एलपीजी सिलेंडर जहां केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी राशि वहन की जाती है और रिफिल की खरीद और वितरण के बाद एलपीजी ग्राहकों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। |
| **आधार प्रमाणीकरण की ई-केवाईसी सेवाएं** | एक प्रक्रिया जहां आधार संख्या के साथ आधार धारक की व्यक्तिगत जानकारी (बायोमेट्रिक/जनसांख्यिकीय) को तत्काल प्रमाणीकरण और पहचान के सत्यापन के लिए यूआईडीएआई को डिजिटल रूप से प्रस्तुत किया जाता है। प्रमाणीकरण का उद्देश्य निवासियों को अपनी पहचान प्रदान करने के लिए और सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षित तरीके से सेवाओं की आपूर्ति करने और लाभों तक पहुंच प्रदान करने में सक्षम बनाना है। |
| **इलेक्ट्रॉनिक डी-डुप्लीकेशन** | कुछ पैरामीटर/इनपुट जैसे आधार नंबर, एएचएल टिन, बैंक खाता आदि के आधार पर डुप्लिकेट/बहु कनेक्शन की पहचान करने के लिए कंप्यूटर एडेड प्रयोग। |
| **ई-पीएमयूवाई** | पीएमयूवाई के संशोधित दिशा-निर्देश जिसमें एसईसीसी के लाभार्थियों के अलावा सात अतिरिक्त अधिसूचित श्रेणियों (एसईसीसी सूची में अपवर्जन के 14 मापदंडों |

| | |
|---|---|
| | द्वारा कवर किए गए लोगों को छोड़कर) के तहत शामिल बीपीएल परिवारों को भी योजना के लाभ प्रदान किए गए । |
| **अंशशोधक** | अंशशोधक प्लांट प्राकृतिक गैस को भिन्न-भिन्न अंशों/हाइड्रोकार्बन अर्थात मीथेन, ईथेन, प्रोपेन और ब्यूटेन में अलग करने के लिए की प्रक्रिया करते हैं जिसकी विभिन्न अनुप्रयोगों जैसे एलपीजी के उत्पादन, यूरिया संयंत्रों और बिजली संयंत्रों के लिए ईंधन/फीडस्टॉक, पेट्रोकेमिकल, एलपीजी और औद्योगिक ईंधन आदि के लिए आवश्यकता होती है। |
| **जनधन खाता** | बैंकिंग सुविधाओं, वित्तीय साक्षरता, ऋण तक पहुंच, बीमा और पेंशन सुविधा की सार्वभौमिक पहुंच के लिए वित्तीय समावेशन पर राष्ट्रीय मिशन के तहत हर घर के लिए एक बचत बैंक खाता। |
| **अपने ग्राहक को जानो** | समर्थित दस्तावेजों के साथ प्रूफ ऑफ एड्रेस (पीओए) और प्रूफ ऑफ आइडेंटिटी (पीओआई) के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया का पालन । |
| **तरलीकृत पैट्रोलियम गैस** | ब्यूटेन और प्रोपेन का मध्यम दबाव में तुरंत तरलीकृत किया गया मिश्रित रूप। एलपीजी वाष्प हवा की तुलना में भारी है; इस प्रकार यह सामान्य रूप से निचले स्थानों में बैठ जाती है। |
| **एलपीजी बॉटलिंग प्लांट** | एक प्लांट जो सिलन्डर बॉटलिंग (5 किलो, 14.2 किलोग्राम, 19 किलोग्राम आदि) के लिए पाइपलाइन या विश्वसनीय स्रोत के माध्यम से बल्क एलपीजी प्राप्त करता है और बाजार में आपूर्ति करता है। |
| **एलपीजी नियंत्रण आदेश** | भारत में एलपीजी की आपूर्ति और वितरण को विनियमित करने के लिए एमओपीएनजी द्वारा अधिसूचित आदेश। |
| **एलपीजी पंचायतें** | एलपीजी के निरंतर और सुरक्षित उपयोग के लाभों पर पीएमयूवाई लाभार्थियों को शिक्षित करने के लिए एक शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम। |
| **बाजार अनुशासनात्मक दिशानिर्देश** | खुदरा नेटवर्क के संचालन में अनुशासन बनाए रखने और उच्च ग्राहक सेवा मानकों को प्रदान करने के लिए ओएमसी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश। |
| **पहल (डीबीटीएल)** | डीबीटीएल (एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ) योजना को 'पहल' नाम दिया गया है जिसका अर्थ है "ईनिशिएटिव"। यह योजना का हिंदी अनुवाद पर आधारित एक संक्षिप्त रूप है: "प्रत्यक्ष (डाईरेक्ट) हस्तांतरित (ट्रांस्फर) लाभ (बेनिफीट)। |
| **सार्वजनिक वितरण प्रणाली** | पीडीएस आवर्ती आधार पर बड़ी संख्या में गरीब लोगों को रियायती मूल्य पर आवश्यक वस्तुओं के वितरण की सुविधा प्रदान करता है। |
| **सार्वजनिक दायित्व बीमा** | एलपीजी से जुड़ी दुर्घटनाओं के लिए ओएमसी द्वारा लिया गया एक तृतीय पक्ष बीमा। |
| **आरजीजीएलवी** | 14.2 किलोग्राम के 600 एलपीजी सिलेंडर की औसत मासिक बिक्री की क्षमता के आधार स्थापित एलपीजी वितरक । |
| **सुरक्षा क्लिनिक** | नए उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रक्रियाओं से अवगत कराने के लिए एलपीजी कनेक्शन वितरण के दौरान एलपीजी उपयोग के सुरक्षा पहलुओं के बारे में जागरूकता कार्यक्रम। |

| | |
|---|---|
| **एसईसीसी-2011** | एसईसीसी -2011 सामाजिक आर्थिक स्थिति का अध्ययन है और पूर्वनिर्धारित मापदंडों के आधार पर परिवारों की रैंकिंग देता है। इसमें तीन जनगणना घटक अर्थात: ग्रामीण, शहरी और जातिगत जनगणना। |
| **आधार की सीडिंग** | विभिन्न सरकारी योजनाओं द्वारा प्रदान प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) प्राप्त करने के लिए आधार सीडिंग आवश्यक है। आधार सीडिंग सक्षम करने के लिए, लाभार्थी को अपने एलपीजी वितरक और बैंक को आधार प्रस्तुत करना होगा। |
| **मानक संचालन प्रक्रिया** | मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) गलत संचार को कम करने के साथ साथ संगठन द्वारा दक्षता, गुणवत्ता उत्पादन और प्रदर्शन की एकरूपता प्राप्त करने के लिए संकलित कदम-दर-कदम निर्देशों का एक सेट है। |
| **सब्स्क्रिप्शन वाउचर** | आवेदक द्वारा एलपीजी सुरक्षा जमा के भुगतान और अपेक्षित दस्तावेजों पर, सफल पंजीकरण के लिए सदस्यता शुल्क वाउचर जारी किया जाता है। |
| **सब्सिडी** | आर्थिक और सामाजिक नीति को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ आम तौर पर आर्थिक क्षेत्र (या संस्था, व्यवसाय, या व्यक्ति) के लिए विस्तारित वित्तीय सहायता या समर्थन का एक रूप। |
| **ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन** | प्रदूषण से स्मारक को बचाने के लिए ताजमहल के चारों ओर 10,400 वर्ग कि.मी. का परिभाषित क्षेत्र। |
| **सत्यापन जाँच** | एक स्वत: जाँच यह सुनिश्चित करने के लिए कि जानकारी/दर्ज किया गया डाटा उचित है और अप्रत्याशित या असामान्य डाटा को रोकता है। |